कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 30-10-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र का भ्रमण व पैदल गश्त कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- **दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का भ्रमण व पैदल गश्त कर किया गया निरीक्षण।**
- **त्यौहारों के दृष्टिगत अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सूचनाओं पर त्वरित रिस्पांस के दिये गये निर्देश।**
- **प्रमुख मार्गों, चौराहों व बाजारों आदि में पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की, की गई चेकिंग।**

आज दिनांक 30.10.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र का भ्रमण व पैदल गश्त की गयी। भ्रमण के दौरान नदेसर, चौकाघाट, लहुराबीर, मलदहिया, कैण्ट, इंग्लिशिया लाइन, साजन चौराहा, सिगरा आदि क्षेत्रों में भ्रमण व पैदल गश्त कर त्यौहारों के दृष्टिगत की गई सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को आभूषण की दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के आस-पास अतिरिक्त सतर्कता बरतने व संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी, पटाखा बिक्री स्थल पर सतर्कता बरतते हुए फायर ब्रिगेड के जवानों की तैनाती समेत सुरक्षा, सतर्कता व निगरानी बरतने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस. चन्नप्पा सहित सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसबल मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।